नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

# ओडिशा के विद्यार्थियों को महाराष्ट्र की संस्कृति का कराया परिचय

वर्धा, दि. 21 जनवरी 2019 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में एक भारत श्रेष्ठ भारत योजना उच्च शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित विद्यार्थी




अंतरण (अदला-बदली) कार्यक्रम' के अंतर्गत ओडिशा केंद्रीय विश्वविद्यालय,कोरापुट के विद्यार्थियों ने महाराष्ट्र से संबंधित भाषा शिक्षण, नृत्य,संगीत, तीज त्योहार, वेशभूषा, खान-पान आदि को लेकर विशेष रूचि दिखायी। 20 जनवरी को उदघाटन के पश्चात सांस्कृतिक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें उन्हें महाराष्ट्र की संस्कृति के बारे में जानकारी दी गयी। डॉक्यूमेंट्री, नाटक प्रदर्शन के साथ शिवाजी और जाणता राजा फिल्म के माध्यम से उन्हें मराठी फिल्म और नाट्य संस्कृति का परिचय कराया गया। एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत उनके लिए भाषण, वाद-प्रतिवाद, कविता, सृजनात्मक लेखन प्रश्न मंजुषा, वेषभूषा, नृत्य संगीत, स्थापत्य, कला, भाषा, पर्यटन स्थल, प्रसिद्धस्थान, उपज, व्यक्ति, साहित्य आदि का परिचय प्रदान करने के कार्यक्रम रखे गये। इस उपलक्ष्य में बुधवार 23 जनवरी को समता भवन के प्रांगण में फूड फेस्टिवल का आयोजन होगा । 24 जनवरी को गालिब सभागार में अनुभव का आदान-प्रदान तथा 4.00 बजे महाराष्ट्र और ओडिशा की लोक, कला को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा



रहा है। विदित हो कि एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत 54 विद्यार्थी तथा शिक्षकों को एक दल 19 जनवरी को



विश्वविद्यालय आया है। एक दूसरे के राज्य की संस्कृति को जानना, समझना इसका मुख्य उद्देश्य है ।